कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–1 / 622 / 2021 / 10–11 / 874 भोपाल, दिनांक 08-03-21

प्रति,

श्री ब्रिजेन्द्र स्वरूप,
वन महानिरीक्षक (एफ.सी.),
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड़,
नई दिल्ली–110003

विषयः– **वन मंडल छतरपुर के परिक्षेत्र बकस्वाहा के वन कक्ष RF- 280, 284, 285, 286, 287, 296, 302 के रकबा 382.131 हे. वनभूमि में बण्डर डायमण्ड ओपन कास्ट पद्धति से हीरा उत्खनन का मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड का प्रस्ताव–FP/MP/MIN/45288/2020 .**

संदर्भः–1. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / एफ–1 / 622 / 2021 / 10–11 / 630 दिनांक 10 / 02 / 2021

2. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्र. 8- 04/2021-FC दिनांक 02 / 03 / 2021

---0---

उपरोक्त संदर्भ पत्र क्रमांक –1 से आपको मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मुम्बई का छतरपुर जिले में बण्डर डायमण्ड हीरा उत्खनन रकबा 382.131 हेक्टेयर वनभूमि प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव राज्य शासन की अनुशंसा त्रृटिवश अपलोड हो जाने के कारण इस प्रस्ताव को वापस करने या राज्य शासन के निर्देश प्राप्त होने तक इसे Hold पर रखने का अनुरोध किया गया था।

आपके संदर्भ पत्र क्रमांक–2 द्वारा इस प्रस्ताव को राज्य शासन स्तर पर वापस किया गया है। आपके द्वारा यह भी जानकारी चाही गई है कि जब प्रस्ताव में राज्य शासन का अनुमोदन प्राप्त करने की कार्यवाही प्रचलित थी तो प्रस्ताव भारत सरकार को क्यों प्रेषित किया गया।

इस संबंध में अनुरोध है कि इस प्रस्ताव में राज्य शासन की अनुशंसा प्रपत्र– V में तत्कालीन सचिव, वन श्री एच.एस. मोहन्ता द्वारा दिनांक 04 / 02 / 2021 को की जाकर इसे आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध करवाया था। राज्य शासन का प्रपत्र–V में अनुशंसा प्राप्त होने पर प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया था।

तत्पश्चात् इस सम्बन्ध में पदेन सचिव, वन से दूरभाष पर हुई चर्चा में उनके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्ताव पर माननीय वनमंत्रीजी द्वारा आवेदित वनक्षेत्र की पन्ना टाइगर रिजर्व से दूरी बाबत् एक जानकारी चाही गई है तथा सम्बन्धित लिपिक द्वारा त्रृटिवश प्रपत्र–V में सचिव, वन की अनुशंसा हस्ताक्षरित कराकर इसे हमारे कार्यालय को अग्रेषित कर दिया गया है। तदानुसार इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 10.02.2021 से इस प्रस्ताव को Hold पर रखने या वापस करने का अनुरोध किया गया था। इस त्रुटि के लिये यह कार्यालय क्षमा प्रार्थी है।

इस प्रस्ताव पर राज्य शासन, वन विभाग की अनुशंसा दिनांक 03/03/2021 से प्राप्त हो गई है जिसकी प्रति संलग्न प्रेषित है। पूर्व में दिनांक 04.02.2021 को भाग–V में अपलोड की गई राज्य शासन की अनुशंसा तकनीकी कारणों से विलोपित नहीं हो पा रही है। अतः राज्य शासन द्वारा दिनांक 03/03/2021 से प्राप्त अनुशंसा इस पत्र के साथ प्रेषित की जा रही है। प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने का अनुरोध है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

08/03/2021

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/एफ–1/622/2021/10–11/875 भोपाल, दिनांक 08-03-21

प्रतिलिपिः–

1. उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, पर्यावरण भवन, लिंक रोड़ नं.–3, ई–5 रविशंकर नगर, भोपाल।
2. मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप, एस.के. अहीर मार्ग, मुम्बई।

की ओर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार (अनु. क्र.–1 हेतु)

08/03/2021

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

प्रपत्र–V

इसे वन विभाग के प्रभारी सचिव अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी जो अवर सचिव के पद के नीचे का अधिकारी न हो द्वारा भरा जाना है।

18	राज्य सरकार की सिफारिश (उपर्युक्त भाग ''ख'' या भाग ''ग'' या भाग ''घ'' में किसी अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा की गई प्रतिकूल टिप्पणियों पर विशिष्ट टिप्पणी की जाएें)	18	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) की अनुशंसा के आधार पर वन मंडल छतरपुर के परिक्षेत्र बकस्वाहा के रकबा 382.131 हेक्टेयर वनभूमि में बण्डर डायमण्ड ओपन कास्ट पद्धति से हीरा उत्खनन कार्य करने का मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मुम्बई को उपयोग पर देने की अनुशंसा की जाती है।

दिनांक: .03.2020

स्थान: भोपाल

3/3/21

(संजय मोहरीर)
पदेन सचिव
म.प्र. शासन वन विभाग

(संजय मोहरीर)
पदेन सचिव, वन विभाग
मध्यप्रदेश शासन

प्रस्ताव की राज्य क्रम संख्या
(प्राप्ति की तारीख के साथ नोडल अधिकारी द्वारा भरा जावेगा)